NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)

No : 242/NCRES/09/21 Date : 16.12.2021

श्रीमान महाप्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः— प्रयागराज जं0, सिविल लाइन साइड के ''स्मिथ रोड'' व नवाब यूसुफ रोड के बीच स्थित रेल आवासो की सबसे अच्छी ''ट्रैफिक कालोनी'' के आवासो को डिमालिश किये जाने की आशंका से कर्मचारियों में असंतोष फैलना।

महोदय,

प्रयागराज स्टेशन के डेवलपमेन्ट के नाम पर एक नया DPR (Detailed Project Report) तैयार किया गया है जिसमें DRM और GM/RE के बंगले को छोड़कर स्मिथ रोड और नवाब यूसुफ रोड के बीच स्थित ट्रैफिक कालोनी के लगभग 300—400 रेल आवासो को डिमालिश किया जाना है। इसमें लगभग 10 वर्ष पूर्व बने पचासो वे नये आवास भी शामिल है जिसके निर्माण में करोड़ो रूपये खर्च हुये हैं, इसके अलावा ब्लाक नं0 67 के वे आवास भी शामिल है जिसमें एक वर्ष पूर्व लगभग एक करोड़ रूपये से अधिक का भुगतान कर व्यापक सुधार कराया गया है।

NCRES को यह भी अवगत कराना है कि वर्ष 2013 में माघ मेला के समय एक हृदय विदारक घटना घटी जिसमें लगभग 40 श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई और सैकड़ो घायल हुये, उस समय स्टेशन पर एन्ट्री के समस्त रास्ते भीड़ के कारण जाम हो गये और DRM महोदय को भी मेला क्षेत्र से स्टेशन पहुँचने में घन्टो लग गये, तब इन्हीं ट्रैफिक कालोनी के रेल आवासो में रह रहे कर्मचारियों एवं डाक्टरो ने प्लेटफार्म पर जाकर तीर्थ यात्रियों की मदद किया जिससे घायलो को चिकित्सा सुविधा इत्यादि उपलब्ध हो सकी।

यह भी अवगत कराना है कि नया जोन बनने के बाद ''नार्थ सेन्ट्रल रेलवे'' का महाप्रबंधक कार्यालय बनाने के लिये जंक्शन स्टेशन के सिविल लाइन साइड की तरफ वर्तमान प्लेटफार्म नं0 6 के सामने के पुराने लोको शेड एवं अन्य कार्यालय की परित्यक्त बिल्डिंग के साथ—साथ पुरानी जर्जर हालत में परित्यक्त आवासो की ''बलईपुर'' कालोनी चिन्हित की गई थी, लेकिन सूबेदारगंज की रेल भूमि को अनाधिकृत कब्जे से बचाने के लिये सूबेदारगंज में ही वर्तमान नार्थ सेन्ट्रल रेलवे का महाप्रबंधक कार्यालय बनाया गया और महाप्रबंधक कार्यालय के लिये पूर्व में चिन्हित बिल्डिंगे आज भी परित्यक्त है और उन्हें डिमालिश कर प्रयागराज जंक्शन के सिविल लाइन साइड के सरकुलेटिंग एरिया का विकास/विस्तार किया जा सकता है।

इस तथ्य पर भी ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है कि प्रयागराज में रेल आवासो की सबसे अच्छी ''ट्रैफिक कालोनी'' के आवासो को तोड़े जाने से रेल कर्मचारियों में बहुत असंतोष है।

उपरोक्त स्थिति में NCRES का अनुरोध है कि कर्मचारियों के असंतोष को देखते हुये, प्राइम लोकेशन पर स्थित ट्रैफिक कालोनी के आवासो को किसी भी स्थिति में डिमालिस न किया जाय और प्रयागराज जं0 स्टेशन के प्लेटफार्म 6 के सामने हजारो स्क्वायर मीटर खाली जगह के साथ–साथ पुराने लोको शेड के पास परित्यक्त बिल्डिंगें व बलईपुर कालोनी के परित्यक्त आवासो को डिमालिस कर सरकुलेटिंग एरिया का विकास/विस्तार करने के लिये उचित आदेश जारी करने का कष्ट करें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री